तापमान
अधिकतम 43.2 डिग्री
न्यूनतम 24.16 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 30 मई 2025

12 करनाल: सालवन में मनी महाराणा प्रताप जयंती



12 नए शिक्षा सत्र में छात्रों को मिलेंगे नए पाठ्यक्रम




## खबर संक्षेप

### ई रिक्शा में बैठी महिला के बैग से 50 हजार चोरी

**यमुनानगर।** ई रिक्शा में बैठकर बैंक जा रही महिला के पर्स से 50 हजार रुपये चोरी हो गए। महिला ने ई रिक्शा में बैठी एक महिला पर पैसे चुराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की चुन्ना भट्टी निवासी रूकमनी ने बताया कि वह शहर के इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित फैक्ट्री में काम करती है। 27 मई को सुबह छह बजे वह घर से 50 हजार रुपये लेकर फैक्ट्री में गई थी। उसने बैग फैक्ट्री के कमरे में रख दिया था। दोपहर को एक बजे जब वह फैक्ट्री से बैग लेकर बाहर निकली तो पैसे बैग में थे। वह ई रिक्शा में बैठकर रेलवे रोड स्थित यूनियन बैंक में जा रही थी। शहर के फव्वारा चौक के पास ई रिक्शा में एक अन्य महिला बैठी उसके साथ एक बच्ची भी थी। जब उसने यूनियन बैंक में जाकर अपना बैग चैक किया तो उससे पैसे गायब मिले। ऑटो सवार महिला ने ही उसके पैसे चोरी किए हैं।

### चोरों ने दिन दहाड़े सूने घर से आभूषण चुराए

**यमुनानगर।** लाजपत नगर कॉलोनी में चोरों ने दोपहर के समय सूने घर से सोने व चांदी के आभूषण चुरा लिए। परिवार के सदस्य जब घर लौटे तो उन्हें चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की चानमति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 25 मई को दोपहर दो बजे घर से किसी काम से बाहर गई थी। तीन बजे जब वह वापस लौटी तो घर का सामान बिरखा मिला। जांच करने पर घर के बॉक्स में रखे सोने का मंगलसूत्र, टोपस व पायल गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सिटी विधायक घनश्याम अरोड़ा ने बिजली निगम के अधिकारियों के साथ की बैठक

# बिजली निगम की शिकायतों का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी: अरोड़ा

- विधायक बोले, छोटे-छोटे कार्यों के लिए चक्कर न कटवाएं अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

बिजली से संबंधित समस्याओं का बिजली निगम के अधिकारी तुरंत समाधान करें। ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को बिजली की वजह से कोई परेशानी ना झेलनी पड़े। उक्त निर्देश सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने वीरवार को अपने कार्यालय में आयोजित बिजली निगम के अधिकारियों की बैठक में दिए।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि गर्मी के मौसम में यमुनानगर शहर में बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाएं। ताकि लोगों को बिजली बाधित होने से कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि यमुनानगर शहर से बिजली से संबंधित उनके पास काफी शिकायतें आ रही हैं। जिसमें नागरिकों को बिजली विभाग से संबंधित छोटे छोटे कार्यों के लिए बार बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। शहर में बिजली की व्यवस्था सप्लाई भी सुचारू ढंग से नहीं आती है। नागरिकों ने शिकायत में बताया है कि बिजली के बार बार लंबे कट लगाए जाते हैं। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बैठक में बिजली निगम के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वह बिजली विभाग से संबंधित शिकायतों का तुरंत समाधान करें। इसके अलावा यमुनानगर शहर में बिजली सप्लाई को सुचारू रुप से चलाएं। शहर में जहां पर ट्रांसफार्मर व बिजली के तारों को बदलने की जरूरत है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर बदलें। विधायक ने कहा कि गर्मी के सीजन में यमुनानगर शहर के नागरिकों को बिजली विभाग से संबंधित किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सहयोग से अपने निर्वाचन क्षेत्र यमुनानगर में लगातार विकास कार्य करवा रहे हैं। आगे भी वह यमुनानगर में नागरिकों की विकास कार्यों के प्रति जो मांग होगी उसे पूरा करवाने का प्रयास करेंगे। मौके पर नीतीश दुआ,रोहित हरजाई, भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। बिजली निगम के अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए विधायक।



यमुनानगर। अधिकारियों के साथ डीच ड्रेन का निरीक्षण करते जिला उपायुक्त।

### डीच ड्रेन और राक्षी नाले सहित सभी की यथाशीघ्र सफाई सुनिश्चित करें: गुप्ता

**यमुनानगर।** बरसात का मौसम नजदीक आते ही प्रशासन बरसाती नदियों व नालों की साफ सफाई करवाने के लिए अलर्ट मोड पर है। इसी के चलते उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने वीरवर को डीच ड्रेन व राक्षी नाला समेत आधा दर्जन पुलिया व पुल का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को समय रहने साफ सफाई का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

वीरवार को उपायुक्त सबसे पहले डीच ड्रेन पहुंचे। इसके साथ ही रादौर और राक्षी नाला,अमलोहा पुलिया, चमरोड़ी पुल, बकाना, बैंडी, टोपरा खुर्द व सुढैल का दौरा किया। उन्होंने निर्देश दिए कि ड्रोन से पूरी ड्रेन की सफाई के कार्य की रिकॉर्डिंग की जाए। ड्रेन के अंदर गिरे हुए पेड़ पौधे, घास फूंस एवं बहाव में आने वाले अन्य अवरोधकों को अच्छी तरह से साफ किया जाए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि ग्राउंड रिपोर्ट और वास्तविकता में एकरूपता होनी चाहिए। इसमें कोई भी कोताही न बरतें।

डीसी ने सभी को आपसी तालमेल से टीम बनाकर कार्य करें एवं निर्धारित समय सीमा के अंदर ड्रेन अथवा नालों की साफ. सफाई का कार्य पूर्ण होना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य है कि मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार बरसात से पहले जिला के सभी नालों, ड्रेन की सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि बरसात में लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता आरएस मित्तल, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विजय गर्ग, विनोद कुमार, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी पुनित मित्तल इत्यादि मौजूद रहे।



यमुनानगर। वार्ड 18 में विकास कार्यों का शुभारंभ करती मेयर सुमन बहमनी पार्षद उज्जवल ठाकुर व अन्य। फोटो: हरिभूमि।

### 32.16 लाख विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया

**यमुनानगर।** नगर निगम यमुनानगर जगाधरी की मेयर सुमन बहमनी ने वीरवार को निगम के वार्ड नंबर 18 में 32 लाख 16 हजार की लागत से होने वाले विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस मौके पर पार्षद उज्जवल ठाकुर भी मौजूद रहे। मेयर ने बताया कि वार्ड नंबर 18 के न्यू नानक नगर में 10 लाख 92 हजार 120 रुपये की लागत से सुभाष ठाकुर के घर के पास वाली मुख्य गली समेत विभिन्न गलियों व नालियों का निर्माण किया जाएगा। वहीं, वाल्मीकि बस्ती में 11 लाख 79 हजार 759 रुपये की लागत से मुख्य मार्ग से ईशम पाल के घर तक, कर्मपाल के घर से सुरेंद्र पाल के घर तक और सुरेंद्र पाल के घर से वाल्मीकि मंदिर तक गलियों व नालियों का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह मंडेबर जामपुर में 9 लाख 44 हजार 214 रुपये की लागत से धर्मपाल किराना स्टोर वाली गली व नालियों का निर्माण किया जाएगा। इन विकास कार्यों के होने से हजारों क्षेत्रवासियों को आसान राह और पानी की निकासी की सुविधा मिलेंगी। मेयर सुमन बहमनी ने संबंधित एजेंसियों व ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिए कि वे इन विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल करें। गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, संबंधित अधिकारियों को भी तीनों विकास कार्यों पर विशेष निगरानी रखकर निर्धारित समयाविधि में कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।

## बदमाशों ने विदेशी नंबर से मैसेज भेज कारोबारी से मांगी दो करोड़ रुपये की रंगदारी

**यमुनानगर।** बदमाशों ने शहर के हिन्दुस्तान मोटर्स के कारोबारी से विदेशी नंबर से संदेश भेजकर दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

- पहले की वीडियो काल, जवाब न देने पर मैसेज भेजकर दी धमकी।

हिंदूस्तान मोटर्स के मालिक ने कि वह अपने शोरूम में बैठा हुआ था। तभी उनके मोबाइल पर विदेशी नंबर से व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आई। लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं की। इसके बाद आरोपी ने उसे धमकी भरा मैसेज भेजकर दो करोड़ रुपये की मांग की। रुपये न देने पर बदमाश ने उसे जान से मारने की धमकी दी। यह पढ़ते ही वह घबरा गया। वह तुरंत पुलिस अधीक्षक से मिलने उनके कार्यालय पहुंचा। उसने पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया को विदेशी नंबर से आई वीडियो कॉल व मैसेज दिखाए। पुलिस अधीक्षक ने संदेश पढ़ते ही मामले को गंभीरता से लिया और कारोबारी को तुरंत पुलिस सुरक्षा दी गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

## कार सवार युवकों ने इस्जैक कंपनी के दो कर्मियों को पीटा

**यमुनानगर।** इस्जैक कंपनी से छुट्टी कर बाइक पर अपने घर लौट रहे दो कर्मियों के साथ कार सवार युवकों ने मारपीट की। जिससे दोनों कर्मी घायल हो गए। लोगों को आता देखकर आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपियों को नामजद करते हुए दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- रात को छुट्टी के बाद कंपनी से घर लौट रहे थे चेचरे भाई

गांव काजीबास निवासी निखिल शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका करीब एक सप्ताह पहले गांव के ही हर्ष, रजत व अशोक के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जिनका पंचायत में राजीनामा हो गया था। मगर इसके बाद भी आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। निखिल ने बताया कि वह तथा उसका ताऊ का लड़का अभिषेक इस्जैक कंपनी में काम करते हैं। रात को छुट्टी कर कंपनी से घर लौट रहे थे। तभी कार में सवार हर्ष, रजत, मुकेश व दो अन्य युवकों ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मारी। जिससे वे सड़क पर गिर गए। इसके बाद आरोपियों ने डंडों व रॉड से उन पर हमला कर दिया। बचाव के लिए शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच के बाद तीन आरोपियों को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## हथनीकुंड बैराज: प्रदेश स्तरीय बाढ़ राहत पर प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

- 9 से 13 जून तक किया जाएगा आयोजन: उपायुक्त

जिले की सीमा स्थित हथनीकुंड बैराज पर 9 से 13 जून तक राज्यस्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि शिविर का शुभारंभ 9 जून को सुबह दस बजे किया जाएगा। शिविर का समापन 13 जून को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में जान माल की रक्षा के उद्देश्य से प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। जब कभी बाढ़ जैसी स्थिति अथवा प्राकृतिक आपदा आती है तो प्रशिक्षण में सिखाया गया कौशल हमारी मदद करता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर कौशल सीखने का महत्वपूर्ण जरिया होता है। यह राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर अत्यंत महत्वपूर्ण है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि मानसून से पूर्व राज्य में किसी भी प्रकार की बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए उक्त प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें राज्य के अलग अलग हिस्सों से प्रशिक्षणार्थी भाग लेंगे।

## महिला का बिचौलिये पर दुष्कर्म का आरोप, केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर




- पति की मौत के बाद महिला ने की थी दूसरी शादी, दूसरे पति पर प्रॉपर्टी हड़पने के आरोप।

शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने अपने बिचौलिए पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी उससे दो दिन के लिए बाइक मांगकर ले गया, परंतु वापस नहीं की। जब वह अपने भाई व पड़ोसी के साथ बाइक मांगने गई तो आरोपी ने उन तीनों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़िता ने अपने दूसरे पति पर बिचौलिये के साथ मिलकर उसकी प्रॉपर्टी हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कॉलोनी में उसके नाम एक मकान है। उसके पहले पति की मौत हो गई थी। जिसके बाद उसने उनकी गली में आने वाले फूल सिंह को अपनी दूसरी शादी करवाने की बात कही। आरोपी फूल सिंह ने उसकी आकाश नामक युवक के साथ शादी करवा दी। इसके बाद आरोपी आकाश नशा करने लगा। आरोपी घर पर आता और पैसे लेकर उसके साथ मारपीट करके चला जाता। जिससे वह परेशान थी।

पीड़िता ने बताया कि एक दिन आरोपी फूल कुमार उसके घर आया। आरोपी ने उसे घर पर अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। उसने डर के कारण किसी को नहीं बताया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद आरोपी फूल कुमार उसके पति आकाश के साथ मिलकर उसकी प्रॉपर्टी हड़पने का प्लान बनाने लगे। आरोपी फूल कुमार उससे दो दिन के लिए बाइक मांगकर ले गया। मगर इसके बाद आरोपी ने उसकी बाइक वापस नहीं की।

जब वह अपने भाई व पड़ोसी के साथ आरोपी फूल कुमार की दुकान प्रतापनगर में बाइक मांगने के लिए गए तो आरोपी ने उसके साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन तीनों पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें आरोपियों से छुड़वाया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



यमुनानगर। रादौर में आयोजित खेल प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

## खिलाड़ी नशे से दूर रहकर बनाएं अपना भविष्य: नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा खिलाड़ियों को नशा जैसी बुराई के दुष्प्रभाव के प्रति जागरुक करने के लिए रादौर के खेल स्टेडियम में वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ रादौर थाना के प्रभारी नरेंद्र राणा ने किया। मौके पर खिलाड़ियों व युवाओं को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई।

थाना रादौर के प्रभारी नरेंद्र राणा ने खिलाड़ियों को नशे के दुष्परिणामों बारे अवगत करवाते हुए बताया कि उन्हें नशे की लत से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए खेलों की ओर बढ़ना चाहिए। स्वयं भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इससे दूरी बनाकर रखने के लिए प्रेरित करें। नशा ही घर के नाश का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि युवाओं मे बढ़ती नशे की लत समाज और देश बहुत बड़ी हानि हो रही है। हमारा दायित्व बनता है कि हम युवाओं को नशे से दूर कर उनकी रुचि खेल के प्रति बढ़ावा देकर युवाओं को अच्छी दिशा में ला सकते है। उन्होंने बताया कि हमारे युवा नशे की लत के ज्यादा शिकार हैं। क्योंकि युवावस्था में करियर को लेकर एक किस्म का दबाव और तनाव रहता है। ऐसे में युवा इन समस्याओं से निपटने के लिए नशीली दवाओं का सहारा लेता है। और अंत में इस कुचक्र में फंस जाता है। इस मौके पर युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलाई

## सुशील कुमार बने ग्रामीण चौकीदार सभा खंड सरस्वती नगर के प्रधान

**यमुनानगर।** ग्रामीण चौकीदार सभा खंड सरस्वती नगर के कार्यकर्ताओं की बैठक बीडीपीओ कार्यालय में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सभा की खंड सरस्वती नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रांतीय महासचिव कलीराम ने बताया कि सुशील कुमार को ब्लाक प्रधान बनाया गया है। वहीं, सतपाल सिंह को सचिव, अमीर खान को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, कर्म सिंह को उपप्रधान, बृजभान को सहसचिव, किरणपाल को सलाहाकार व मदनपुरी को ऑडिटर बनाया



गया है। मौके पर जिला प्रधान रणजीत सिंह, मदन व कलीराम ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बधाई दी और उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कृष्णा देवी, जगदीप सिंह, जरनैल सिंह व सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## नशे से समाज में खत्म हो जाती है इज्जत: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

पुलिस ने पीएमश्री स्कूल जठलाना में नशा से होने वाले दुष्प्रभाव व यातायात जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जठलाना थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने भाग लिया। विद्यार्थियों को नशा जैसी बुराई से दूर रहने व यातायात नियमों की पालना करने के लिए जागरुक किया गया।

एचएचओ राजेंद्र सिंह ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा करने वाले व्यक्ति की समाज में कोई इज्जत नहीं होती है। नशा करने के बाद ही अपराधी बनते हैं।



उन्होंने कहा कि बड़े बड़े अपराधों को अंजाम देने में नशे का अहम रोल होता है। कुछ लोग इस कदर नशा कर लेते हैं कि वह क्या कर रहे हैं उनको खुद पता नहीं चलता। पुलिस द्वारा पकड़े जाने के बाद वह पछतावा करते हैं। लेकिन तब तक उन पर न जाने कितनी धाराएं लग जाती हैं और उस व्यक्ति का जीवन खराब हो जाता है। क्योंकि अपराध अपराध है। वहा चाहे नशा में किया गया है या फिर होश हवास में किया गया है। नशे की लत कम उम्र में लगती है। शरारती तत्वों के द्वारा इसकी लत बच्चों को लगा दी जाती है। फिर बच्चे नशा करने के लिए पैसे ना होने पर चोरी व अपराध से जुड़कर अपराधी बन जाते हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर स्कूल प्राचार्य संगीता रानी, एएसआई नीलम जसवीर सिंह, मनीष तंवर, सुधीर कुमार, कांस्टेबल इंदू, कांस्टेबल पूनम इत्यादि मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री कंवरपाल को बनाया संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम का प्रदेश सहसंयोजक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

- अपनी नियुक्ति पर पूर्व मंत्री मुख्यमंत्री व भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का जताया आभार

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल को भाजपा द्वारा संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम का प्रदेश का सह संयोजक बनाया गया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली का आभार व्यक्त किया है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी में अपने कार्यालय में प्रदेश का संकल्प से सिद्धि तक का प्रदेश सह संयोजक बनाए जाने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा द्वारा संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत भाजपा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत हरियाणा में होने वाले कार्यक्रमों के लिए उन्हें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली द्वारा संकल्प से सिद्धि कायक्रमों का प्रदेश सहसंयोजक बनाया गया है। इसके लिए वह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 9 जून से 21 जून तक चलेगें। जिसमें मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएंगे।

**इन्होंने भी जताया आभार**

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग , भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रामपाल सिंह,पूर्व मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रीति जौहर, प्रियंक शर्मा, गौरव गोयल,अमित कुमार, कृष्ण खदरी,रीना रस्तोगी,जयंत स्वामी, रूचि कांबोज, भानू प्रताप सिंह, अंकित गोयल, मुदित बंसल, मनोज गुप्ता, प्रद्युमन सिंह लाड्डी, रिंकू धीमान व जतिन गर्ग ने भी नियुक्ति पर आभार जताया।

### महासभा ने गायत्री शक्तिपीठ में यज्ञ से किया कार्यक्रम का शुभारंभ

# क्षत्रिय महासभा ने मनाई महाराणा प्रताप जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर। महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हवन यज्ञ में आहूति डालने लोग।

क्षत्रिय एकता महासभा के तत्वावधान में शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर महासभा द्वारा वीरवार को शहर के गायत्री शक्तिपीठ में हवन कर भंडारा लगाया। जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। अध्यक्षता महासभा के प्रधान सुरेंद्र कुशवाहा ने की।

प्रधान सुरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र के उच्चारण से हुई। फिर यज्ञ कुंड में आहुतियां डाली। जिसका उद्देश्य राष्ट्र के वीर सपूतों की स्मृति को जीवित रखना और समाज में नैतिक मूल्यों एवं शौर्य की भावना को जाग्रत करना था। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप न केवल युद्ध कौशल के लिए बल्कि अपने आत्मसम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए भी जाने जाते हैं। आज की युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलना चाहिए। अन्य वक्ताओं ने भी महाराणा प्रताप के जीवन के प्रेरणादायी प्रसंगों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर योगेंद्र चौहान,रामबीर सिंह ठाकुर, अशोक कुमार, रविंद्र राणा, ओम प्रकाश सैनी, सावित्री रानी, खुशबू व नीरज चौहान इत्यादि भी उपस्थित रहे।

### भाकियू व जाटसभा ने पूर्व पीएम चौ. चरण को किया याद

**रादौर।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) व जाटसभा रादौर के संयुक्त तत्वावधान में कस्बा के जाट नगर में देश के पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह की श्रद्धापूर्वक पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन(चढूनी) के जिला अध्यक्ष संजु गुंदियाना ने भाग लिया। जिला प्रधान संजु गुंदयाना के नेतृत्व मे किसानों ने चौधरी चरण सिंह को नमन किया। भाकियू जिला प्रधान संजु गुंदियाना व जाट सभा रादौर के प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल ने कहा कि चरण सिंह का जन्म 23 दिसंबर 1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव में एक जाट परिवार में हुआ था। स्वाधीनता आंदोलन के समय राजनीति में आए। उनके पिता चौधरी मीर सिंह ने अपने नैतिक मूल्य विरासत में चरण सिंह को सौंपा था। चरण सिंह के जन्म के 6 साल बाद चौधरी मीर सिंह सपरिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव जाकर बसे। आगरा विवि से वकालत की पढ़ाई कर 1928 में चौधरी चरण सिंह ने गाजियाबाद में वकालत शुरू की। महात्मा गांधी के चलाए सविनय अवज्ञा आंदोलन में शामिल होकर उन्होंने नमक कानून तोडन को डांडी मार्च किया। चरण सिंह ने गाजियाबाद की सीमा पर बहने वाली हिंडन नदी पर नमक बनाया। इस कारण चरण सिंह को छह महीने की कैद की सजा हुई। जेल से वापसी के बाद चरण सिंह ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वयं को पूरी तरह से स्वतंत्रता संग्राम में समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के नेता माने जाते रहे हैं। उनके द्वारा तैयार किया गया जमींदारी उन्मूलन विधेयक राज्य के कल्याणकारी सिद्धांत पर आधारित था।



## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि

**कुरुक्षेत्र।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर श्रीमैढ़ क्षत्रिय सुनार धर्मशाला में 544 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा आयोजित किया गया। श्री मैढ़ क्षत्रिय सुनार धर्मशाला के प्रधान राम कुमार, प्रबंधक राम कुमार और सलाहकार महावीर वर्मा ने सामूहिक रूप से शिविर का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मानव मित्र मंडल के प्रधान और रोटी बैंक के वरिष्ठ उप प्रधान भारतेन्दु हरीश एवं प्रयास फाउंडेशन के प्रधान एवं रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष नरेश सैनी मुख्य रूप से पधारे हुए थे जबकि प्रेरणा समिति हरियाणा के महासचिव डॉ. अरुण धीमान और समाजसेवी प्रशांत शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। शिविर में विकास कुमार, प्रशांत शर्मा, देवी लाल, नवीन वर्मा 37 वीं बार, कंवलजीत सिंह, राम कुमार, नरेश कुमार 36 वीं बार, साहिल वर्मा, रोबिन वर्मा, विपिन, जॉनी, विनोद कुमार, मदन लाल, महावीर वर्मा, प्रदीप कुमार, रमेश कुमार, पवन वर्मा सहित 18 युवाओं ने रक्तदान के माध्यम से महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रधान राम कुमार, प्रबंधक राम कुमार, मुख्य सलाहकार महावीर वर्मा, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक राम किशन, पवन कुमार वर्मा, नरेंद्र वर्मा, सत्यनारायण वर्मा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।




## लिटिल मिलेनियम स्कूल में समर कैंप आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम सेक्टर-3 मे बच्चों के लिए एक रंगारंग और आनंददायक समर कैंप का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में रचनात्मक रूप से व्यस्त रखते हुए, उनके व्यक्तित्व और कौशल विकास को प्रोत्साहित करना था। कैंप के दौरान बच्चों ने जुम्बा, योगा, फ्लेमलेस कुकिंग, क्ले मॉडलिंग, लेमोनेड मेकिंग जैसी गतिविधियों में पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। इन गतिविधियों ने बच्चों की शारीरिक, मानसिक और रचनात्मक क्षमताओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक प्रभावी माध्यम होता है। यह न केवल उन्हें नई चीजें सीखने और अपनी प्रतिभा को पहचानने का अवसर देता है, बल्कि आत्मनिर्भरता, सहयोग, नेतृत्व और आत्मविश्वास जैसी जीवन कौशलों को भी विकसित करता है। साथ ही, यह छुट्टियों को सार्थक और यादगार बनाने में सहायक होता है। इस सफल आयोजन को शिक्षिकाओं जय, इशिका, मोनिका, पूनम, मनीषा, अंजलि और प्रिया ने अपने समर्पण और टीमवर्क से और भी खास बना दिया।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के शुभारंभ पर प्रदेशभर से आए किसानों को किया संबोधित

# 55 सालों तक सत्ता सुख भोगने वाली कांग्रेस किसानों की हालत की जिम्मेदार : मुख्यमंत्री

- प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को सशक्त और मजबूत करने का काम किया : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 55 सालों तक सत्ता सुख भोगने वाली कांग्रेस सरकार किसानों की हालत की जिम्मेदार रही है, जबकि वर्ष 2014 में देश के प्रधान सेवक के रूप में देश की बागडोर संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार किसानों को न केवल सशक्त और मजबूत किया है, बल्कि उन्हें विकसित भारत का महत्वपूर्ण स्तंभ मानते हुए आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गत दिवस फसलों पर एमएसपी बढ़ाने की घोषणा की है, इसके लिए वे उनका आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं ने चुनाव के समय किसानों को गुमराह करने के लिए कहा कि यदि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो एमएसपी को खत्म कर देंगे। जबकि सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री वर्ष 2014 से किसानों के हित में लगातार फसलों पर एमएसपी को बढ़ा रहे हैं। विपक्ष को किसान हित के बारे में सवाल उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए, फिर दूसरों पर उंगली उठानी चाहिए। विपक्ष को इस प्रकार के बयान नहीं देने चाहिए, क्योंकि इससे किसानों का नुकसान होता है। मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान के शुभारंभ अवसर पर प्रदेशभर से आए किसानों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल में फसलों के एमएसपी के लिए कुल 7 लाख 41 हजार करोड़ रुपये दिए गए, जबकि मोदी सरकार ने 10 सालों में 23 लाख 61 हजार करोड़ रुपये दिए। कांग्रेस ने वर्ष 2014 तक गेहूं पर 2 लाख 56 हजार करोड़ रुपये एमएसपी के रूप में दिए, जबकि मोदी सरकार ने वर्ष 2014 से अब तक गेहूं पर 5 लाख 65 हजार करोड़ रुपये एमएसपी दिया। इसी प्रकार, दालों पर कांग्रेस ने 1900 करोड़ रुपये दिए, जबकि वर्तमान सरकार ने 98 हजार करोड़ रुपये दिए। उन्होंने कहा कि ऑयल सीड्स पर कांग्रेस ने 9 हजार करोड़ रुपये की एमएसपी दी, जबकि मोदी सरकार ने 65 हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में पहुंचाने का काम किया। वहीं, कपास, खोपरा, जूट इत्यादि फसलों पर कांग्रेस ने 26 हजार करोड़ रुपये एमएसपी के रूप मे दिए, जबकि वर्तमान सरकार ने 1 लाख 33 हजार करोड़ रुपये देने का काम किया। उन्होंने कहा कि आंकड़ों से स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी लगातार किसानों को सशक्त और मजबूत करने के साथ-साथ लगातार किसानों की आय में बढ़ोतरी करने का काम कर रहे हैं।



**कुरुक्षेत्र।** विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में कृषि विभाग की पुस्तिका का विमोचन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ राजा शेखर वुंडरू, मत्स्य पालन विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार, कृषि विभाग के निदेशक राज नारायण कौशिक, पशुपालन विभाग के महानिदेशक डॉ. प्रेम सिंह, मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर,नपा चेयरपर्सन माफी ढांडा, वरिष्ठद्ध भाजपा नेता सुभाष कलसाना, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति डॉ. बलदेव राज कम्बोज, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति सुरेश कुमार मल्होत्रा और लुवास विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति नरेश जिंदल, एनडीआरआई करनाल के निदेशक डा. धीर सिंह,डीडीए डा. कर्मचंद, एसडीओ जितेन्द्र मेहता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### कांग्रेस काल में मुआवजे के नाम पर मिलते थे 5-5 रुपये के चैक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में 2014 से पहले का समय सभी ने देखा है, जब प्राकृतिक आपदा से होने वाले फसली नुकसान के लिए मुआवजे के तौर पर किसानों को 2-2 रुपये और 5-5 रुपये के चैक मिलते थे, जबकि वर्तमान सरकार ने किसानों को फसलों के नुकसान पर कहीं ज्यादा मुआवजा दिया है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के बड़े नेता कुछ बोलते नहीं है, लेकिन ट्वीट जरूर करते हैं। वे समझें कि कांग्रेस ने 10 साल के शासन में प्रदेश के किसानों को केवल 1155 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया, जबकि हमारी सरकार ने पिछले 10 सालों में 15,145 करोड़ रुपये मुआवजे के तौर पर दिए हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में खेतों में हुई आगजनी के कारण प्रभावित किसानों को भी हमारी सरकार ने फसली नुकसान की भरपाई के रूप में 30 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया है। हमारी सरकार का हर कदम किसान को मजबूत करने का है। इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ राजा शेखर वुंडरू, मत्स्य पालन विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार, कृषि विभाग के निदेशक राज नारायण कौशिक, पशुपालन विभाग के महानिदेशक डॉ. प्रेम सिंह, मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## योग महोत्सव पर पंचकूला में कुरुक्षेत्र जिला से 12 कर्मठ कार्यकर्ता सम्मानित

- सूर्य नमस्कार अभियान में जिला उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा योग आयोग द्वारा आयोजित योग महोत्सव में सूर्य नमस्कार अभियान 2025 में जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुरुक्षेत्र के 12 कर्मठ कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं आयुष एवं स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव द्वारा हरियाणा योग आयोग के ऊर्जावान अध्यक्ष डॉक्टर जयदीप आर्य एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में आयुष योग सहायक हरदीप सिंह, सविता देवी, व रोहतास कुमार, शिक्षा विभाग से जसवीर सिंह, खेल विभाग से कोच गौरव शर्मा, जेल विभाग से राजेश कुमार, श्रीमद् भागवत गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से प्राचार्य अनिल कुमार, यूनिवर्सिटी सीनियर मॉडल स्कूल से प्राचार्य सुखविंदर सिंह, आर्य कन्या महाविद्यालय से शिवानी शर्मा, भारतीय योग संस्थान के संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर, पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी कुलवंत सिंह व जिला योगासन खेल संघ के अध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज शामिल रहे।



**कुरुक्षेत्र।** कर्मठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

## नाबालिग बेटी से यौन उत्पीड़न करने के आरोपी पिता को सुनाई सात साल कारावास की सजा

- पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत किया था मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग बेटी से यौन उत्पीडन करने के आरोपी थाना सदर पेहवा एरिया वासी व्यक्ति को 7 साल कठोर कारावास व 20 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 30 अप्रैल 2021 को थाना सदर पिहोवा एरिया वासी एक महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि करीब 2.5 साल पहले उसकी जेठानी उसके जेठ को छोड़कर चली गई थी। उसके जेठ के पास 3 साल की एक नाबालिग लड़की है जो उसके जेठ के साथ ही रहती है। 29 अप्रैल 2021 की रात को करीब 10 बजे उन्होंने उसके जेठ के घर से लड़की के रोने की आवाज सुनी। जब उन्होंने जाकर देखा तो उसका जेठ अपनी नाबालिग लड़की के साथ गलत काम कर रहा था। जिसकी शिकायत पर थाना सदर पेहवा में 6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करके जांच महिला निरीक्षक प्रकाश कौर द्वारा अमल में लाई गई। जांच के दौरान नाबालिग का मेडिकल चैकअप करवाया गया। तफ्तीश के दौरान आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था।

## जगदीश सिंह ने संभाला हरियाणा कमेटी का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध और जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने दी शुभकामनाएं

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने वीरवार का अपना कार्यभार संभाला। संस्था के पूर्व प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने सिरोपा एवं शॉल भेंट कर जत्थेदार झींडा को उनकी कुर्सी पर बिठाया और कार्यभार सौंपा। इस दौरान विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय प्रचारक एंव धर्म प्रचार के पूर्व चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल और पूरी कार्यकारिणी समिति के सदस्यों सहित अन्य मौजूद रहे। इस मौके पर जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध को सिरोपा व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध और जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने प्रधान बनने पर जत्थेदार झींडा को शुभकामनाएं दी। दोनों पदाधिकारियों ने संस्था के नए प्रधान को गुरुद्वारा साहिबान के प्रबंध में ओर भी सुधार करने के लिए अपील भी की। इसके उपरांत हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने संस्था के समूह पदाधिकारियों एवं स्टाफ की मीटिंग ली। इस बैठक में विशेष रूप से मैंबर जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल, वरिष्ठ उपप्रधान गुरमीत सिंह मीता, उपप्रधान गुरबीर सिंह, महासचिव अंग्रेज सिंह, संयुकत सचिव बलविंदर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य करनैल सिंह निमनाबाद, पलविंदर सिंह दरड़, कुलदीप सिंह मुलतानी सहित आदि मौजूद रहे।


**कुरुक्षेत्र।** जगदीश सिंह झींडा को कार्यभार सौंपते पूर्व प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध व जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल।

## देश के नन्हे भावी सैनिकों ने विवि का किया भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** देश के विभिन्न राज्यों में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण किया। जयराम सैनिक स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी सेवानिवृत्ति सूबेदार मेजर सुरेश कुमार ने बताया कि इस दौरान देश के नन्हे भावी सैनिकों एवं विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के संगीत विभाग, नृत्य विभाग, फाइन आर्ट्स विभाग और 1857 की क्रांति से संबंधित संग्रहालय का भ्रमण किया।

## विद्यार्थियों ने शहर में महाराणा की वीर गाथा को प्रदर्शित करती हुई निकाली झांकियां

**कुरुक्षेत्र।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ मास शुक्लपक्ष तृतीया को महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती उत्साह तथा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उत्सव का शुभारंभ विद्यालय स्तर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन से हुआ तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हुए महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। महाराणा की वीर गाथा को प्रदर्शित करती हुई विभिन्न झांकियों द्वारा महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल से महाराणा प्रताप चौक तक शोभा यात्रा के रूप में नगर भ्रमण किया गया। शोभा यात्रा के आकर्षण का केंद्र अग्र भाग में महाराणा प्रताप अश्व पर सवार हाथ में भाला लिए हुए। महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर प्रधानाचार्या प्रतिमा शर्मा तथा विद्यालय परिवार के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण किया गया सभी ने महाराणा प्रताप जिंदाबाद, महाराणा प्रताप अमर रहे, भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाकर महाराणा प्रताप के पदचिह्नों पर चलने का प्रण लिया।



**कुरुक्षेत्र।** महाराणा प्रताप अमर रहे के नारे लगाते विद्यार्थी।

## कोरोना से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग लाडवा ने तैयारियां की पूरी : डॉ कृष्णाकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

बढ़ते हुए कोरोना केसिस को देखते हुए भयावह होने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। डॉक्टर कृष्णकांत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कोरोना जैसी बीमारी से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग लाडवा द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि माना की कोरोना बीमारी के केसिस बढ़ रहे हैं परंतु इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में सभी व्यवस्थाएं जैसे कि सेंट्रलाइज्ड ऑक्सीजन सप्लाई सभी मरीज के लिए मरीज के वार्ड में व इमरजेंसी कक्ष में उपलब्ध है जिससे कि आपातकालीन स्थिति में मरीज को ऑक्सीजन की दुरुस्त सप्लाई दी जा सकती है। सरकारी अस्पताल लाडवा में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर ऑक्सीजन सिलेंडर, उचित दवाइयां मास्क व सेनीटाइजर प्राप्त मात्रा में उपलब्ध है। मरीज के लिए आइसोलेशन वार्ड भी बना दिया गया है। कोरोना बीमारी के मुख्य लक्षण जैसे कि बुखार खांसी जुकाम गले में दर्द व सांस लेने में दिक्कत होती है तो आप तुरंत ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में दिखा सकते हैं। जिन व्यक्तियों की प्रतिरोधक क्षमता कम है या वह दमा या शुगर या बीपी की बीमारी से ग्रसित हैं तो उन्हें कोरोना जैसी बीमारी के समय में खास ध्यान रखने की जरूरत है। बीमारी से बचने के लिए आप मास्क का प्रयोग करें। आपस में दूरी बनाए रखें, अच्छे से हाथ धोएं, सैनिटाइजर का उपयोग करें और खास तौर वह मरीज जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है या उन्हें कोई लंबी बीमारी जैसे कि ब्लड प्रेशर डायबिटीज हाइपरटेंशन इत्यादि है तो वह भीड़ भाड़ वाले इलाके में जाने से बचें।



## उत्तरी हरियाणा में आर्थिक प्रगति का केंद्र बनने की संभावना है कुरूक्षेत्र में : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र को साइबर सिटी घोषित करने के लिए सांसद नवीन जिन्दल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से सांसद जिन्दल ने कहा कि कुरुक्षेत्र उत्तरी हरियाणा में तकनीकी और आर्थिक प्रगति का केंद्र बनने की संभावना रखता है। यह पवित्र धार्मिक नगरी होने के साथ-साथ विश्व प्रसिद्ध नगरी है। गुरुग्राम की तरह इसे भी साइबर सिटी के रूप में विकसित किया जा सकता है। इसके लिए जो भी सहयोग होगा। उसमें वे सरकार के साथ भागीदार बनने को तैयार है। उन्होंने कुरुक्षेत्र को साइबर सिटी बनाने के पीछे तर्क देते हुए कहा कि यहां प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर प्रतिबंध है। यहां टिकाऊ, प्रदूषण मुक्त और आधुनिक साइबर सिटी स्थापित करने से रोजगार और पर्यटन के अवसर बढ़ेंगे। इसके अलावा कुरुक्षेत्र में यूनिवर्सिटी, एनआईआईटी और अन्य शैक्षणिक संस्थान भी हैं। जहां से युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलते हैं। साथ ही यह शिक्षा शोध और नवाचार केंद्र के रूप में भी आगे बढ़ सकता है। आईटी और सेवा क्षेत्र के पारिस्थितिक तंत्र की स्थापना से यहां निजी क्षेत्र का पर्याप्त निवेश आकर्षित होगा। जिससे आर्थिक आत्म-निर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

## 2004 के कलेक्टर रेट पर पंचायत से अपने नाम करवा सकते हैं रजिस्ट्रीः सोनू भट्ट

- 20 वर्षों से पंचायती भूमि पर मकान बनाकर रहने वाले परिवार वर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि पंचायती भूमि पर जिन ग्रामीणों ने 20 वर्षों से मकान का निर्माण करके अपनी रिहायशी बनाई हुई है। ऐसे परिवार सरकार की योजना के अनुसार वर्ष 2004 के कलेक्टर रेट पर पंचायत से अपने नाम रजिस्ट्री करवा सकते हैं। सरपंच को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे सभी परिवारों के डाक्यूमेंट इक_दे करके प्रक्रिया को अमल में लाया जाए। इसके लिए ग्रामीणों ने एडीसी को लिखित शिकायत देते हुए बताया कि उनके पूर्वजों के समय से इन मकानों में रह रहे हैं, उनके पास बिजली बिल व अन्य पंचायत टैक्स की रसीद उनके पास हैं। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट बुधवार सांय गांव दयालपुर में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की शिकायत एवं समस्याएं सुन रहे थे। ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष बिजली, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, परिवार पहचान पत्र, पीएम आवास योजना, पेंशन, हेप्पी कार्ड, लाल डोरा की रजिस्ट्री और गांव की साफ-सफाई से संबंधित करीब 90 शिकायतें दी। एडीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों की शिकायतों का प्राथमिक के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि सरकार ने बिजली विभाग के डिफॉल्टर के लिए योजना लागू करते हुए बड़ी राहत देते दी है। इस योजना के तहत ब्याज की पूरी राशि को माफ किया जाएगा।

**कार्यक्रम** पंचायत भवन के सभागार में जल शक्ति अभियान कैच दा रेन-2025 कार्यक्रम आयोजित

# पानी को बचाने के लिए सभी नागरिक अपने घरों में करें छोटे-छोटे प्रयोगः कंवलजीत कौर

स्कूली बच्चों और पंचायतों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि पानी को बचाने के लिए सभी नागरिकों को अपने घरों में छोटे-छोटे प्रयोग करने चाहिए। ऐसा करके ही हम अपने आने वाली पीढ़ी को अच्छा उपहार दे पाएंगे। यदि जल बचाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया तो आने वाले समय में समस्या गंभीर हो सकती है। उन्होंने कहा कि अभी तक पीने का पानी तैयार करने का कोई विकल्प मानव के पास मौजूद नहीं है। इसलिए हम पानी को बना नहीं सकते हैं, लेकिन बचा तो सकते हैं। ऐसे में नागरिकों को आगे आने की जरूरत है। जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर गत देर सांय को समग्र शिक्षा कार्यालय एवं जिला परिषद कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में पंचायत भवन के सभागार में आयोजित जल शक्ति अभियान कैच दा रेन-2025 कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित कर रही थी। जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि पृथ्वी पर करीब 70 फीसदी हिस्से में जल है, लेकिन ये जल हम पीने के लिए प्रयोग नहीं कर सकते हैं। भूजल स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थिति ये बन गई है कि मौजूदा समय में पीने का पानी बोतलों में पैक होकर खरीदना पड़ रहा है। ये स्थिति आने वाले समय में और ज्यादा गंभीर ना हो, इसके लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने कहा कि इसको लेकर जिला परिषद ने आज स्कूली बच्चों और पंचायतों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल विद्यार्थी हमारे देश का भविष्य है। यदि हमने इन बच्चों को पानी का महत्व समझा दिया तो वो परिवार, समाज को जागरूक करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हें।


**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को संबोधित करती जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर।

### इन स्कूलों के बच्चों को किया सम्मानित

जल शक्ति अभियान कैच द रेन 2025 कार्यक्रम में जल संचय जन भागीदारी थीम पर प्रस्तुति देने वाले स्कूली विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्योतिसर ने नाटिका प्रस्तुत की। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र ने नाटय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बारना ने स्किट, पीएमश्री विद्यालय धुराला, धूलगढ़ गुलडेरा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किरमच के विद्यार्थियों ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर ने गायन और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर ने नाटिका प्रस्तुत कर जल बचाने का संदेश दिए।

## खबर संक्षेप

### तेपला में होगा रात्रि ठहराव

**अंबाला।** गांव तेपला के सामुदायिक केंद्र में 30 को सांय 5 बजे रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय सिंह तोमर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनने का काम करेंगे। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। इसके लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीण अपनी समस्याएं डीसी के समक्ष रख पाएंगे।

### 12 को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया की लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आगामी 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### 180 गांवों में चलेगा अभियान

**अंबाला।** कृषि विज्ञान केंद्र तेपला में विकसति कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ हुआ।प्रभारी डॉ. उपासना सिंह ने बताया कि देश के 700 जिलों में विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून, 2025 तक चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिले में भी साहा, शहजादपुर, अंबाला 1 एवं 2, बराड़ा एवं नारायणगढ़ के 180 गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी करने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी पवन कुमार को गिरफ्तार किया हे। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से 5 हजार रूपये नकद, 2 चांदी पाजेब और चांदी की अंगूठी बरामद की गई है। छबियाना मोहल्ले के कुलविंद्र सिंह ने 27 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह गुग्गा माड़ी गया था। सुबह घर आया तो घर का सारा सामान बिखरा मिला। किसी आरोपी ने घर से सोना-चांदी जेवरात व नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### 20 ग्राम हेरोइन के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी क्षेत्र विकलांग सेवा केंद्र के सामने से नशा तस्करी के मामले में 28 मई 2025 को एंटी नारकोटिक सैल ने आरोपी सूरज को 20 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। 28 मई 2025 को पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उससे 20 ग्राम हैरोइन बरामद की।

## मुख्यमंत्री ने की अनेक बड़ी घोषणाएं, असंध बाइपास के सुदृढ़ीकरण के लिए दिए 9 करोड़ रुपये

# करनालः सालवन में मनी महाराणा प्रताप जयंती

### असंध में महाराणा प्रताप धर्मशाला बनवाने के लिए 21 लाख रुपये, कोहंड से असंध सड़क की स्पेशल रिपेयर के लिए 34 करोड़ 37 लाख रुपये की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा में आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती को बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सर्व समाज की भागीदारी रही। जिला करनाल के गांव सालवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने महाराणा प्रताप को नमन करते हुए कहा कि वे केवल योद्धा ही नहीं, बल्कि स्वाभिमान, शौर्य और बलिदान के जीवंत प्रतीक हैं। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सालवन गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम मोहन सिंह के नाम पर करने की घोषणा की। असंध में महाराणा प्रताप धर्मशाला बनवाने के लिए 21 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत सालवन द्वारा जमीन उपलब्ध करवाने पर खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। असंध में एचएसवीपी का सेक्टर विकसित करने के संबंध में फिजिबिलिटी चैक करवाकर इसे विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने असंध विधानसभा क्षेत्र की 54 सड़कों, जिनकी लंबाई 186 किलोमीटर है, उनकी स्पेशल रिपेयर के लिए 88 करोड़ रुपये की घोषणा की। इसके अलावा, 16 अन्य सड़कों, जिनकी लंबाई 91.49किलोमीटर है, की भी स्पेशल रिपेयर करवाई जाएगी। साथ ही, 123 किलोमीटर लंबाई की 41 अन्य सड़कों को भी ठीक करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव सालवन से निकल रही ड्रेन को भी पक्का किया जाएगा। श्री नायब सिंह सैनी ने असंध बाइपास के सुदृढ़ीकरण के लिए 9 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। कोहंड से असंध रोड की स्पेशल रिपेयर के लिए 34 करोड़ 37 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि करनाल असंध रोड गांव जुंडला, जलमाणा में बाईपास के कार्य को भारत सरकार को भेज कर जल्द मंजूर करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने असंध विधानसभा क्षेत्र में सामुदायिक भवनों के निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की । इसके अलावा, असंध विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

**भारत दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसरः** श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज जब हम भारतीय संविधान का 75वां वर्ष मना रहे हैं तो उसके मूल सिद्धांतों में स्वतंत्रता, समानता, न्याय और धर्मनिरपेक्षता को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। यह महाराणा प्रताप जैसे स्वराज के पुरोधाओं, अपने गौरवशाली अतीत, संघर्षशील स्वतंत्रता सेनानियों और लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान के मंत्र के साथ, भारत दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को बताना है कि किसी भी परिस्थिति में राष्ट्रहित सर्वोपरि होता है। महाराणा प्रताप जी की तरह, हमें भी अपने मूल्यों, संस्कृति और देश की स्वतंत्रता की रक्षा करनी है। हमें अपने संविधान की रक्षा करनी है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर विधायक श्री रामकुमार कश्यप, श्री सतपाल जांबा, श्री भगवान दास कबीरपंथी, राजस्थान के शिव विधानसभा क्षेत्र से विधायक श्री रविंद्र भाटी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री श्री सुरेश राणा सहित अन्य गणमान्य व बड़ी संख्या में प्रदेश के विभिन्न इलाकों से आए लोग उपस्थित रहे।

### जो समाज एवं राष्ट्र अपने महापुरुषों को याद करता है वह समृद्धि और प्रगति की ओर होता है अग्रसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो समाज एवं राष्ट्र अपने महापुरुषों, वीरों व शहीदों को याद करता है, उनका सम्मान करता है, वह सदा समृद्धि और प्रगति की ओर अग्रसर होता है। इसलिए, हमारी सरकार ने संतों-महापुरुषों की जयंतियों को सरकारी स्तर पर मनाने की पहल की। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले, केवल अपने परिवारों के महापुरुषों को ही याद किया जाता था। समाज से उन्हें कोई सरोकार नहीं था। उन्होंने वीर सपूत महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महापुरुष पूरे राष्ट्र की धरोहर होते हैं, उनका व्यक्तित्व हमें देशभक्ति, आपसी भाईचारे और एकता की महान परंपराओं को और अधिक मजबूत बनाने तथा प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप सिर्फ इतिहास की उन विभूतियों में से एक हैं, जिन्होंने न कभी झुकना सीखा और न ही कभी हार मानना सीखा। वे हमारे योद्धाओं, शासकों और युवाओं की प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने जब शासन संभाला तो मुगल सम्राट अकबर ने उन्हें चार बार अधीनता स्वीकार करने को कहा, लेकिन उन्होंने अधीनता स्वीकार नहीं की। उन्होंने कहा कि हल्दीघाटी का युद्ध इतिहास के पन्नों में केवल एक लड़ाई नहीं, बल्कि संस्कृति बनाम सत्ता, स्वाभिमान बनाम साम्राज्यवाद और धर्म-अधर्म का संघर्ष था। इस युद्ध में 8 हजार राजपूत वीरों ने 40 हजार मुगलों को परास्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें संदेश देता है कि जब तक स्वाभिमान जीवित है, तब तक आत्मा जीवित है। वे एक ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने जंगलों में कष्ट सहकर भी मातृभूमि के स्वाभिमान को झुकने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने इतिहास को स्वदेशी नजरिये से देखने की आवश्यकता है। विदेशी नजरिये में इतिहास के अंदर कुछ इतिहासकार अकबर को विजयी दिखाते रहे हैं, लेकिन हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप विजय हुए हैं।

### महाराणा प्रताप युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोतः श्याम सिंह राणा

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने समाज व राष्ट्र के लिए जो कार्य किए हैं, युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य को निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने अकबर के साथ कभी समझौता नहीं किया। महाराणा प्रताप के शौर्य का उदाहरण दुनिया के नेता देते हैं। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के शासन काल में जो डेवलपमेंट के कार्य हुए, वो हमारे लिए सतत प्रेरणा के स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जन्म ऐसे समय में हुआ, जब भारत की गौरवशाली संस्कृति को नष्ट किया जा रहा था। लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही थी। यह गौरव की बात है कि महाराणा प्रताप जैसे महापुरुष का जन्म बहादुर राजपूत कौम में हुआ। भारत की आन, बान और शान की रक्षा के लिए कुर्बानी देने वालों में राजपूत समाज का अग्रणी स्थान है। कार्यक्रम में विधायक श्री योगेंद्र राणा ने हल्के के विकास संबंधी अनेक मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा, जिन्हें मुख्यमंत्री ने पूरा करने का आश्वासन दिया।

## कोरोना को लेकर अलर्ट, रैपिड किट से मरीजों की जांच शुरू

- सीएमओ बोले अभी कोरोना का कोई मामला सामने नहीं आया, लक्षण पाए जाने पर मरीजों की जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

देश में कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर अब स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। इसी वजह से कोरोना मरीजों की जांच शुरू करने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। अस्पतालों को कोरोना के मद्देनजर एहतियात बरतने को कहा गया है। साथ ही किसी भी मरीज में कोई लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराने को कहा गया है। सीएमओ राकेश सहल ने बताया कि जिले में अभी तक कोरोना का कोई मामला नहीं मिला है लेकिन एहतियात के तौर पर उन्होंने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने कहा कि कोविड की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए उनके पास फिलहाल पर्याप्त संसाधन हैं। सीएमओ ने बताया कि अंबाला में वीरवार से रैपिड किट से जांच शुरू हो जाएगी। इसके लिए उन्होंने रैपिड किट काफी संख्या में मंगा कर रख ली हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर मरीज तुरंत जांच कराए। उन्होंने कहा कि कोविड के लिए कोई भी जरा भी ढिलाई न बरते। सीएमओ ने बताया कि कोरोना को देखते हुए जिले में विशेष तैयारियां की गई हैं। अंबाला शहर और अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में कोविड के लिए अलग से वार्ड बनाया गया है।

## पूर्व मंत्री ने सुनी लोगों की शिकायतें, बोले हर शिकायत पर हो कार्रवाई



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

- मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस पर कसे तंज, कहा राहुल गांधी के हरियाणा आने से 2029 में चौथी बार बनेगी भाजपा की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने वीरवार को अपने निवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान गोयल ने अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग हिस्सों से आए सैंकड़ों लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही निपटान किया। प्रदेश की भाजपा सरकार और पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रति इलाके की जनता का विश्वास किस कदर बढ़ता जा रहा है। ऐसे में बढ़ती भीड़ को देखते हुए असीम गोयल खुद उठकर जनता के बीच जा पहुंचे। एक एक कर सभी की शिकायतें सुनकर उनका मौके पर ही निपटान किया। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए असीम गोयल ने विभिन्न मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

### सद्बुद्धि के लिए होना चाहिए यज्ञ

गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भाजपा के सिंदूर उपहार पर इन दिनों सियासत गर्म है। विपक्षी दल और नेता इस मुद्दे पर एक के बाद एक कर कई सवाल खड़े कर रहे हैं। जिसके बाद अब भाजपा नेता भी सवाल उठा रहे विरोधियों को खूब घेरते हुए नज़र आ रहे हैं। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने इस मुद्दे पर विरोधियों को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सिंदूर माताओं बहनों के सुहाग और अस्मिता का प्रतीक है और उसी सुहाग को जब आतंकवादियों ने चैलेंज किया, तब हमारे पीएम ने आतंक को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए देश की दो वीर बहनों को चुना। हमारी तीनों सेनाओं ने आतंक को ऐसा करारा जवाब दिया है कि आतंकवाद की रूह तक कांप गई है। गोयल ने कहा कि सिंदूर को लेकर राजनीति कर रहे कांग्रेसियों व अन्य विरोधी दलों के लिए एक सद्बुद्धि का यज्ञ भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी प्रदेश में कांग्रेस की गुटबाजी दूर करने के लिए और संगठन के विस्तार के लिए खुद हरियाणा आ रहे हैं लेकिन यहां आने से पहले ही राहुल गांधी भाजपा नेताओं के निशाने पर आ गए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अब तक अपने केंद्र की गुटबाजी तो खत्म कर नहीं पाए। अब तक ये खड़गे को पूर्ण अध्यक्ष का दर्जा नहीं दे पाए। कांग्रेस में जूतों में दाल कैसे बंट रही है। इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण हरियाणा है। गोयल ने कहा कि राहुल का हरियाणा में स्वागत है। उनके आने से 2029 में हमारी जीत और बड़ी निश्चित हो जाएगी। सुरजेवाला के आरोपों पर भी पूर्व मंत्री असीम गोयल ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सुरजेवाला शायद अपना समय भूल गए हैं। जब थाने में किसी व्यक्ति की एफआईआर दर्ज नहीं की जाती थी। कांग्रेसियों ने अपने गुर्गे पाले हुए थे । लेकिन मनोहर लाल के मुख्यमंत्री बनते ही जीरो एफआईआर की प्रथा शुरू हुई,महिलाओं को आत्मसम्मान देने के लिए महिला थाने खोले । इसलिए एफआईआर की संख्या जरूर बढ़ी लेकिन यह बिल्कुल भी मानने योग्य नहीं है कि अपराध बढ़ा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने स्पष्ट कहा था कि यह सरकार ज्ञान यानी गरीब,युवा,अन्नदाता और नारी को समर्पित होगी। लेकिन विपक्षी अपने हितों के लिए हमेशा भ्रामक प्रचार ही करते आए हैं। गोयल ने पड़ोसी राज्य पंजाब की एमएलए पर तंज कसते हुए कहा कि एक समय था जब ये चुटकी बजाकर 5 मिनट में एमएसपी लागू करने की बात कहते थे।अब वो चुटकियां नजर नहीं आ रही हैं।

## अंडरपास में लाइट्स काफी समय से पड़ीं बंद, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

कस्बे के अंडरपास में पिछले कई दिनों से लाइटें बंद पड़ी हुई हैं, जिससे राहगीरों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे में डूबे इस अंडरपास से रात के समय गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं है। लोगों का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत नगरपालिका को दी जा चुकी है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।गौरतलब है कि यह अंडरपास बराड़ा की मुख्य सड़कों को जोड़ने वाला एक महत्त्वपूर्ण मार्ग है। यहां से प्रतिदिन सैकड़ों दोपहिया और चारपहिया वाहन गुजरते हैं। स्कूली छात्र-छात्राएं, महिलाएं व वरिष्ठ नागरिक भी इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। लाइटें बंद होने के कारण अंडरपास पूरी तरह से अंधेरे में डूबा रहता है, जिससे लोगों को डर और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है।

**लाइटें जल्द होगी ठीक**

*अंडरपास की लाइटें बंद होने की शिकायत उनके पास आई है। बंद पड़ी लाइटों को शीघ्र अतिशीघ्र ठीक करवा दिया जाएगा ताकि यहां से निकलने वाले वाहन चालकों व ख़ासकर पैदल निकलने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। 400 नई लाइटें भी कुछ दिनों में आ जाएंगी जिनको अलग-अलग स्थानों पर लगाया जाएगा।*

*-रजत मलिक, अध्यक्ष, नगरपालिका ।*

### शाम ढलते ही छा जाता है अंधेरा

बता दें कि कस्बे के मुख्य बाजार से अधोया की तरफ़ तथा अधोया से मुख्य बाज़ार में जाने के लिए ज़्यादातर लोग इसी अंडरपास का इस्तेमाल करते हैं। शाम ढलते ही अंडरपास में अंधेरा छा जाता है जिससे कभी भी कोई दुर्घटना या आपराधिक घटना घट सकती है। महिला सुनीता देवी, मंजीत कौर, दलजीत कौर ने बताया कि अंडरपास में लाइट के न जगने की वजह से शाम को अंधेरा छा जाता है, जिससे रात को ख़ासकर महिलाओं को अंडरपास से निकलने में डर लगता है। महिलाओं को बहुत असुविधा हो रही है।अंधेरे के कारण न केवल दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ी है, बल्कि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का भी खतरा बना हुआ है। कई बार लोगों ने देखा है कि अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ युवक वहां जमा हो जाते हैं, जिससे माहौल असुरक्षित लगने लगता है। लोगों का आरोप है कि नगरपालिका इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। शिकायतों के बावजूद ना तो कोई निरीक्षण किया गया और न ही लाइटों की मरम्मत के लिए कोई कदम उठाया गया है। इससे लोगों में नाराजगी और असंतोष का माहौल बनता जा रहा है। नागरिकों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द अंडरपास की लाइटों को ठीक करवाए ताकि राहगीरों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन सुनिश्चित हो सके। साथ ही भविष्य में नियमित निरीक्षण कर ऐसी समस्याओं से बचाव किया जाए।यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो लोग आंदोलन करने पर भी मजबूर हो सकते हैं।

## नए शिक्षा सत्र में छात्रों को मिलेंगे नए पाठ्यक्रम

- पूर्व विधायक ने सीएम नायब सैनी का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। पूर्व विधायक का धन्यवाद करते कॉलेज के इंचार्ज प्रोफेसर डॉ. देवेंद्र ढींगरा।

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी के प्रयासों से क्षेत्र के उच्च शिक्षा संस्थानों में नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत की गई है। इस शैक्षणिक सत्र से राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में बीबीए., बीए. (मेजर विद इंग्लिश), एमएससी. कंप्यूटर साइंस और एमए पॉलिटिकल साइंस जैसे कोर्स प्रारंभ हो गए हैं। राजकीय महिला महाविद्यालय शहजादपुर में बीएससी (मेडिकल) और एमए (साइकोलॉजी) की शुरुआत की गई है, जो विशेष रूप से क्षेत्र की छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा के नए द्वार खोलेंगे। इन कोर्सों की मंजूरी के लिए डॉ. पवन सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उच्चतर शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से विशेष अनुरोध किया था। उनके सकारात्मक सहयोग से ही यह उपलब्धि संभव हो सकी है। सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हार्दिक धन्यवाद करते हुए कहा कि, यह निर्णय क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षा के क्षेत्र में यह विकास युवाओं को प्रतिस्पर्धी माहौल में आगे बढने के अवसर प्रदान करेगा। यह पहल क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। बता दें कि 9 जून तक विद्यार्थी दाखिले के लिए ऑन लाइन आवेदन कर सकते है।

### पति की मौत के बाद सांझे मकान से महिला को जेठ ने बाहर निकाला था

# बुजुर्ग महिला का सामान घर से बाहर फेंकने वाले पर केस के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने वीरवार को अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुनकर कार्रवाई के आदेश दिए। छावनी बीडी फ्लोर मील क्षेत्र से आई बुजुर्ग महिला ने बताया कि उसके मकान का केस कोर्ट में चल रहा था। कोर्ट ने उसके हक में निर्णय दिया था, मगर इसके बावजूद कुछ लोगों ने जबरन उसका सामान घर से बाहर फेंककर निकाल दिया। मंत्री अनिल विज ने इस पर मौके पर मौजूद डीएसपी को महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह श्याम नगर की महिला ने शिकायत में कहा कि उसके पति की गत दिनों मृत्यु हो गई थी। वह सांझे मकान में रहती थी, मगर पति की मृत्यु के बाद उसके जेठ ने जबरन उसे घर से निकाल दिया। मंत्री ने पुलिस को इस मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। छावनी के ही व्यक्ति ने विज को शिकायत देते हुए बताया कि उसने अपनी बेटी को कनाडा भेजने के लिए जगाधरी स्थित एजेंटों से संपर्क किया था। एजेंटों ने पहले आश्वासन दिया कि वह उसकी बेटी को कनाडा भेज देंगे। मगर बाद में एजेंटों ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में वह उसकी बेटी को वर्क वीजा पर भेज देंगे। उन्होंने अपनी बेटी के कागजात एजेंट को दिए और सिक्योरिटी के तौर पर ढाई लाख रुपए भी जमा कराए। मगर आज तक न तो उसकी बेटी को ऑस्ट्रेलिया भेजा गया और न ही उसकी राशि वापस की गई। मंत्री ने मामले में एसपी यमुनानगर को शिकायत पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह लालकुर्ती से आई महिला ने उसकी बुढ़ावा पेंशन शुरू नहीं होने, गली में पानी निकासी नहीं होने, डिसेंट कॉलोनी में घर का उसका नक्शा पास नहीं होने, खोजकीपुर के व्यक्ति ने उसकी जमीन पर कब्जा करने की शिकायत पर भी मंत्री ने कार्रवाई के आदेश दिए। मोची मंडी के लोगों ने क्षेत्र अवैध तरीके से मोबाइल टॉवर लगने की शिकायत दी।

### मंत्री अनिल विज ने विकास कार्यों की समीक्षा की

वीरवार को मंत्री अनिल विज ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अधिकारियों व नप सदस्यों की मीटिंग ली। उन्होंने कहा कि नप सदस्य शहर में सफाई व्यवस्था पर पूरा फोकस करें। जहां-जहां पर सफाई करानी है उस संबंध में नगर परिषद के साथ मिलकर किए जाए।उन्होंने कहा कि नगर परिषद में जो भी व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर आए उस शिकायत पत्र को कंप्यूटर पर अपडेट किया जाए ताकि शिकायतकर्ता को शिकायत की स्थिति का पता चल सके। विज ने कहा कि बरसातों का सीजन अब नजदीक आ गया है इसलिए अंबाला छावनी के मुख्य नालों व नालियों में सफाई का काम युद्ध स्तर पर किया जाए। मशीनों के जरिए स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइनों में सफाई की जाए साथ ही नालियों से गाद व अन्य कार्य पूरे किए जाए। उन्होंने कहा जरूरत पड़ने पर सफाई कर्मियों की संख्या में बढ़ाया जाए ताकि बरसातों से पहले नालों में सफाई के कार्य को पूरा किया जा सके। उन्होंने बैठक में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के कार्य की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों को तय नियमों के अनुसार कूड़ा गली-मोहल्लों व घरों से उठाने के दिशा-निर्देश दिए।

## पूर्व मंत्री से मिले निगम कर्मचारी



अंबाला। पूर्व मंत्री से मुलाकात करते नगर निगम कर्मचारी।

**अंबाला।** हरियाणा कौशल रोजगार के तहत नगर निगम में कार्यरत कर्मचारियों को इन दिनों जॉब सिक्योरिटी की चिंता सता रही थी। इसी को लेकर वीरवार को कर्मचारी अपनी समस्या को लेकर पूर्व मंत्री असीम गोयल से मिले। गोयल ने कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी समस्या को सुना और उनके लिए तुरंत नगर निगम कमिश्नर को फोन कर निर्देश दिए कि किसी भी कर्मचारी को नौकरी से संबंधित दिक्कत न आए। सरकार द्वारा जारी आदेशों को लागू किया जाए। गोयल ने बताया कि कर्मचारी उनसे मिले है। अधिकारियों को बोल दिया गया है कि किसी को भी जॉब को लेकर दिक्कत नही आनी चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सैनी के इसको लेकर सीधे आदेश हैं। पूर्व मंत्री से मिलने के बाद निगम कर्मचारी काफी आश्वस्त और प्रसन्न दिखाई दिए। कर्मियों ने बताया कि जिस आस और उम्मीद के साथ वो पूर्व मंत्री असीम गोयल से मिलने पहुंचे थे।